BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date ...18/06/2024.......... Page ....12.......... Column .....02.........

Subject ...बीएमयू विवि में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स शुरू

बाबा मस्तनाथ विवि में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स की शुरुआत एक महत्वपूर्ण कदम है जो एग्रीकल्चर क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए एक अवसर प्रदान करता है। यह कोर्स भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मानकों पर आधारित है और इसमें छात्रों को एक प्रगतिशील और अनुभवी पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स सत्र 2024-25 से शुरू हो रहा है। यह कोर्स आठ सेमेस्टरों में विभाजित है, जिसमें हर सेमेस्टर में विभिन्न विषयों पर अध्ययन किया जाएगा। इस डिग्री के बाद सार्वजनिक, निजी, सरकारी व औद्योगिक क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते है। इसके अलावा ज्यादातर उन विद्यार्थियों द्वारा भी यह डिग्री हासिल करना महत्वपूर्ण है जो खेती, फसल उत्पादन, पशुधन प्रबंधन, टिकाऊ कृषि या कृषि व्यवसाय के जुनून के साथ कृषि क्षेत्र में अपना करियर बनाने में रुचि रखते है। नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स पाठ्यक्रम पर जोर दिया है इसके अलावा पाठ्यक्रम में कृषि को एक विषय के रूप में पेश करने के लिए नीति और

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा।

योजना तथा छात्रों को कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में करियर तलाशने का विकल्प भी प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री लेने के बाद कई उच्च पदों पर करियर बनाने के विभिन्न विकल्प होते हैं। यह डिग्री कृषि सेक्टर में विभिन्न भूमिकाओं के लिए तैयार करती है, डिग्री को लेने के बाद आप कृषि इंजीनियर, व्यवसाय विकास कार्यकारी, कृषि विकास अधिकारी (एडीओ), कृषि वैज्ञानिक, भूनिर्माण प्रबंधक, फसल परीक्षण अधिकारी जैसे उच्च पदों पर नौकरी लेकर अपना करियर बना सकते है। बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स कोर्स को करने के लिए विज्ञान स्ट्रीम की 12वीं कक्षा (मेडिकल-नॉन मेडिकल) प्रास करनी होगी। 12वीं के अंकों का कम से कम 50 प्रतिशत होना चाहिए। इन मानदंडों के पालन के बाद, बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स कोर्स में प्रवेश पा सकते हैं।